नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026

मालाखेड़ी बरगद चौक मार्ग होगा 7 मीटर चौड़ा

4.12 करोड़ से होगा सड़क का चौड़ीकरण

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 9 जुलाई.शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए वृद्धजन पार्क से मालाखेड़ी बरगद चौक तक 1.50 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा. वर्तमान में 4.50 मीटर चौड़ी इस सड़क को बढ़ाकर 7 मीटर किया जाएगा. इसके साथ ही दोनों ओर 1.50-1.50 मीटर चौड़े शोल्डर भी बनाए जाएंगे.

इस परियोजना पर 4 करोड़ 12 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे.सड़क चौड़ी होने से कोर्ट, जिला जेल, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, होमगार्ड कार्यालय और मीनाक्षी क्षेत्र का फोरलेन से सीधा संपर्क आसान होगा. इससे इन क्षेत्रों तक पहुंचने में दूरी कम होगी और यातायात का दबाव भी घटेगा. स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी.लोक निर्माण विभाग इस सड़क का निर्माण कार्य करेगा. प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद विभाग टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है. इसके बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है.

वीआईपी इलाका, लेकिन सड़क हैं संकरी

मालाखेड़ी रोड शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त मार्गों में से एक है. सड़क के दोनों ओर जजों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के सरकारी आवास स्थित हैं. इसके अलावा कई प्रमुख आवासीय कॉलोनियां, शैक्षणिक संस्थान और सरकारी कार्यालय भी इसी मार्ग पर हैं. बावजूद इसके, सड़क की चौड़ाई केवल 4.50 मीटर होने से यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है.फोरलेन से सीधा जुड़ाव होने के कारण पिछले चार वर्षों में इस मार्ग पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ी है, जिससे चौड़ीकरण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी.

डामर की नई सड़क, दोनों ओर बनेंगे शोल्डर

पीडब्ल्यूडी के अनुसार पूरे 1.50 किलोमीटर मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा.मुख्य सड़क की चौड़ाई 7 मीटर होगी, जबकि दोनों किनारों पर 1.50-1.50 मीटर चौड़े शोल्डर बनाए जाएंगे. इससे सड़क की कुल उपयोगी चौड़ाई करीब 10 मीटर हो जाएगी. शोल्डर बनने से बड़े वाहनों की आवाजाही आसान होगी और आपात स्थिति में भी यातायात बाधित नहीं होगा.

स्प्रिंगडेल्स में एनसीसी भर्ती 49 में से 25 कैडेट्स का हुआ चयन

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. 9 जुलाई. स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को 13 एमपी बटालियन एनसीसी की ओर से बॉयज कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई. शारीरिक दक्षता और निर्धारित मानकों के आधार पर हुई चयन प्रक्रिया में 49 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 25 का चयन एनसीसी कैडेट के रूप में किया गया. चयनित विद्यार्थियों को अब सैन्य प्रशिक्षण देकर उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित की जाएगी.

13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह तथा एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह चुण्डावत के निर्देशन में भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई.

सूबेदार मेजर बीसी. तिलक एवं नायब सूबेदार मेहराम सिंह के मार्गदर्शन में सेकंड ऑफिसर शेख कमर, हवलदार अर्जुन सिंह और हवलदार अजीत सिंह ने विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता एवं अन्य मानकों के आधार पर चयन किया.संस्था के डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी और प्राचार्य मोना चटर्जी ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है. उन्होंने विद्यार्थियों पर विश्वास जताया कि विद्यालय के कैडेट्स भविष्य में रिपब्लिक डे कैंप , थल सेना कैंप सहित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित एनसीसी शिविरों में चयनित होकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे.

संस्था के डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण उन्हें न केवल रक्षा सेवाओं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर नेतृत्व और जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करेगा.

एक नजर में

सांझ चौपाल में जुटें जिले के वरिष्ठ अधिकारी

हरदा , 9 जुलाई. ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन हरदा ने गुरुवार को एक अनूठी पहल की .ग्राम मकड़ाई में आयोजित 'सांझ चौपाल' में शामिल होने के लिए कलेक्टर सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी अलग-अलग वाहनों के बजाय एक ही बस में सवार होकर कलेक्टर परिसर से रवाना हुए . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमंडलाधिकारी ज्योति मुड़िया, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एक साथ मकड़ाई पहुंचे .शासन की इस पहल ने 'टीम वर्क, समन्वय और गांवों के प्रति प्रतिबद्धता' का संदेश दिया .कलेक्टर श्री जैन ने बताया कि सांझ चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें . चौपाल में राजस्व, पेंशन, राशन, बिजली, पेयजल, आवास सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा . चौपाल के दौरान विभागीय अधिकारी ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे, जिससे पात्र हितग्राही इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें .

जेल भरो आंदोलन करेगी संघर्ष समिति

पिपरिया, 9 जुलाई. ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, मध्यप्रदेश के प्रदेश सचिव प्रवेश मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भारत सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों से दिए जा रहे आश्वासनों के बावजूद मांगों पर कार्रवाई नहीं किए जाने की कड़ी निंदा की गई . बैठक में निर्णय लिया गया कि देशभर के ईपीएफओ कार्यालयों पर तालाबंदी, जेल भरो आंदोलन तथा आवश्यकता पड़ने पर आमरण अनशन किया जाएगा . इससे पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा . प्रदेश सचिव प्रवेश मिश्रा ने बताया कि ये सभी आंदोलन स्वतंत्रता दिवस से पहले आयोजित किए जाएंगे .राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने कहा कि ईपीएफओ, श्रम मंत्रालय, वित्त मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद मांगों पर कार्रवाई न होना ईपीएस पेंशनरों के साथ छल और क्रूर मजाक है . उन्होंने सभी प्रदेश अध्यक्षों को आंदोलन की तैयारी के निर्देश दिए . मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शशिभान सिंह भदौरिया ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं पेंशनरों से आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया . मध्य भारत समन्वयक बलवंत सिंह गुर्जर तथा मध्यप्रदेश समन्वयक आर .ए . धारकर ने राष्ट्रीय नेतृत्व को आश्वस्त किया कि प्रदेश में भी सभी ईपीएफओ कार्यालयों पर ताला ठोक एवं जेल भरो आंदोलन सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा . उन्होंने कहा कि प्रदेश के पदाधिकारी आवश्यकता पड़ने पर आमरण अनशन के लिए भी तैयार हैं .

60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

नर्मदापुरम. जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना माखननगर पुलिस ने 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है .पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है . तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 9,600 रुपये है, तथा मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई .पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया .

रिवर व्यू कॉलोनी में किराए के मकान में सात लाख की चोरी

2 लाख के लैपटॉप,ढाई लाख की घड़ी सहित और भी सामान गायब

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 9 जुलाई.शहर की रिवर व्यू कॉलोनी फेज-2 में चोरी की बड़ी वारदात हुई. बदमाशों ने किराए के मकान में रह रहे एक कंपनी में काम करने वाले अधिकारी के घर से लैपटॉप, घड़ी, टीवी, आरो सहित लगभग 7 लाख 5 हजार का सामान बटोर ले गए.

कपिल शर्मा ने बताया कि हम लोग मुहासा में कंपनी का कार्य करने जा रहे थे. कैंपा कोला के सभी कर्मचारियों को लैपटॉप और डेस्कटॉप देना था.जो घड़ी चोरी हुई उसकी कीमत ढाई लाख रुपये थी.कॉलोनी के मकान नंबर 124 में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कंपनी का कीमती सामान चोरी कर लिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है और कर्मचारियों सहित ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है.कपिल शर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ कंपनी संचालित करते हैं. तीनों पिछले एक-दो वर्षों से उक्त मकान में रहकर कंपनी का संचालन कर रहे हैं. घटना के समय दो साथी शहर से बाहर गए हुए थे. लौटने पर उन्होंने मकान का ताला टूटा मिला.पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए. बताया जा रहा है कि जिस मकान में चोरी हुई है, वह कॉलोनी के कॉलोनाइजर के रिश्तेदार का है, जिन्होंने यह मकान करीब एक-दो वर्ष पहले किराए पर दिया था. किराएदार बाहर के निवासी हैं और इसी मकान से अपनी कंपनी संचालित कर रहे थे. फिलहाल पुलिस रिवर व्यू कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है. कोतवाली थाने से मिली जानकारी के अनुसार घर से अज्ञात आरोपी ताला तोड़कर लीनोवो कम्पनी 4 नग लेपटाप कीमती 2,00,000 और एचपी के 5नग डेस्कटॉप कीमती 2,25,000, एवं आरओ15000, एवं राडो कंपनी की हाथ की घड़ी कीमती 2,50,000 एवं एलईडी 15,000 कुलकीमती 7,05,000 रुपए हैं.

नए पावर ट्रांसफार्मर से हरदा में बिजली व्यवस्था होगी अब और भी मजबूत

11 जुलाई को विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

हरदा 9 जुलाई.शहर में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा हैं.इसके तहत 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता 8 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए तथा 33/11 केवी ग्वालनगर उपकेंद्र की क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 8 एमवीए की जा रही है. क्षमता वृद्धि के बाद उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगीं. साथ ही भविष्य की बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप शहर की बिजली व्यवस्था अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनेगी.

ट्रांसफार्मर स्थापना एवं तकनीकी कार्य के कारण 11 जुलाई (शनिवार) को विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी. हरदा शहर उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों की बिजली सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी.

खाद वितरण में लापरवाही दो समिति प्रबंधक निलंबित

नर्मदापुरम,9 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खरीफ 2026 के लिए किसानों को कृषि आदानों के वितरण की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है. पिपरिया शाखा रामपुर एवं मटकुली समितियों में पदस्थ समिति प्रबंधक गरिमा बिलासपुरिया तथा शिवपुर शाखा अंतर्गत भैसादेह, पगढाल एवं बिसौनीकलां समितियों में पदस्थ समिति प्रबंधक दयाशंकर दादौरिया द्वारा किसानों को खाद वितरण में लापरवाही बरतने की जानकारी सामने आई.

मामले को गंभीरता से लेते हुए बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह ने दोनों समिति प्रबंधकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय प्रधान कार्यालय, नर्मदापुरम निर्धारित किया है.मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए. अन्य सात समितियों के समिति प्रबंधकों को बिना विलंब खाद उपलब्ध कराने तथा वितरण कार्य समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए

दोस्त की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

पिपरिया, 9 जुलाई. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल की अदालत ने दोस्त की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है. यह घटना 27 अप्रैल 2024 की रात की है,मामले में विशेष लोक अभियोजक एवं एडीपीओ निधि शर्मा ने शासन की ओर से पैरवी की.

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 27 अप्रैल 2024 की रात उपनिरीक्षक मानिक सिंह बट्टी को खापरखेड़ा पुलिया के नीचे झगड़े की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचने पर नीलेश यादव खून से लथपथ मिला. पुलिस ने प्रारंभ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। विवेचना के दौरान आरोपी हर्ष अहिरवार के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया. शासन ने इस मामले को जघन्य एवं सनसनीखेज श्रेणी में चिन्हित किया था.

तत्कालीन थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के मोबाइल में उसके एक दोस्त की बहन का फोटो था. मृतक नीलेश ने इसकी जानकारी युवती के भाई को दे दी, जिसके बाद आरोपी को वह फोटो मोबाइल से हटानी पड़ी. इसी बात को लेकर आरोपी नीलेश से रंजिश रखने लगा. घटना वाले दिन आरोपी और मृतक ने पुलिया के नीचे बैठकर शराब पी। नशे की हालत में आरोपी ने बांस के डंडे और बीयर की बोतल से नीलेश के सिर एवं माथे पर हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया.

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक को आखिरी बार आरोपी हर्ष के साथ देखा गया था. मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया. अभियोजन द्वारा प्रस्तुत 19 साक्षियों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी हर्ष अहिरवार को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई.

ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित

पिपरिया,9 जुलाई. एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आकिब खान की अध्यक्षता में राजस्व विभाग, पुलिस एवं नगरपालिका की संयुक्त बैठक आयोजित की गई.बैठक में अतिक्रमण हटाने एवं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने को लेकर चर्चा की गई. एसडीएम ने ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरपालिका एवं पुलिस को आवश्यक ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए.अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व, पुलिस एवं नगरपालिका का संयुक्त दल गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए.

शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरदा , 9जुलाई.शासकीय विधि महाविद्यालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप डॉ. देवेंद्र कुमार रोडगे एवं व्ही.के.बिछोतिया की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेश पटल्या, संतोष राठौर, सुश्री आयुषी सिसौदिया, श्रीमती मनीषा चौहान, बसंत सिंह राजपूत,एस.सी. पस्टारिया तथा एच. एन. जोशी के द्वारा तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की

गई.सहायक प्राध्यापक सुश्री आरती सिसौदिया ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा विधि पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं डॉ. राजेश पटल्या एवं संतोष राठौर ने विद्यार्थियों को मानसिक एवं शारीरिक तनाव से बचने, खेलकूद तथा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया.

बसंत सिंह राजपूत ने कहा कि हरदा जिले में विधि महाविद्यालय की सौगात महत्वपूर्ण है। यह विद्यार्थियों के हित एवं कर्तव्यों से जुड़ी है.इस महाविद्यालय को प्रारंभ करने के लिये बरसों से प्रयास किये गये जिसके परिणाम स्वरूप शासन प्रशासन के द्वारा 15 करोड की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्णत: की ओर है जो विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु लाभकारी होगा.

मुख्य अतिथि डॉ. देवेंद्र कुमार रोगडे ने कहा कि विधि महाविद्यालय से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा प्राप्त होगी और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी.उन्होंने विधि शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सफलता के लिए निरंतर अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य बी.के.बिछोतिया ने की. उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान में 60 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है तथा आवश्यकता होने पर सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा.

व्हाइट हाउस निर्माण के नाम पर साढ़े 7 लाख की ऑनलाइन ठगी

राजस्थान के दो आरोपियों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. 9 जुलाई.व्हाइट हाउस निर्माण के लिए स्टोन और बाथ टब सप्लाई करने का झांसा देकर साढ़े 7 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित की शिकायत और जांच के बाद माखननगर पुलिस ने राजस्थान के दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फरियादी मुकेश मालवीय ने बताया कि उन्होंने 22 मार्च 2026 को व्हाइट हाउस निर्माण के लिए एक्सपोर्टर इंडिया वेबसाइट पर स्टोन की तलाश की थी. इसी दौरान खुद को नागौरी जेम्स स्टोन का प्रतिनिधि बताने वाले शेरू भाटी ने उनसे संपर्क किया और स्टोन व बाथ टब की सप्लाई का भरोसा दिलाया. आरोपी के झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग किश्तों में करीब 7 लाख रुपये गूगल पे के माध्यम से 8 महीने में ट्रांसफर कर दिए.

भुगतान के बाद आरोपी ने सामान वाहन में लोड करने के वीडियो भी भेजे, जिससे पीड़ित को भरोसा हो गया. पूछताछ करने पर आरोपी लगातार बहाने बनाता रहा और बाद में अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया.

बागवानी राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की मदद से सिवनी मालवा में 10,600 वर्गमीटर में हाईटेक पुष्प उत्पादन की पहल

पॉली हाउस से किसान की बदलेगी तकदीर, खिलेगी आधुनिक बागवानी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम.9 जुलाई. नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा विकासखंड के ग्राम चौकीगंवा में आधुनिक बागवानी की दिशा में एक नई और प्रेरणादायक शुरुआत हुई है.भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की सहायता से प्रगतिशील किसान मनीष लोवंशी द्वारा अत्याधुनिक पॉली हाउस परियोजना स्थापित की जा रही है. यह परियोजना क्षेत्र में व्यावसायिक पुष्प उत्पादन को नई पहचान देने वाली साबित होगी.

पॉली हाउस के अंतर्गत 8,000 वर्गमीटर क्षेत्र में गुलाब तथा 2,600 वर्गमीटर क्षेत्र में जरबेरा फूलों की आधुनिक तकनीक से खेती की जाएगी. नियंत्रित वातावरण में होने वाले इस उत्पादन से उच्च गुणवत्ता वाले पुष्प तैयार होंगे, जिनकी बाजार में बेहतर मांग और मूल्य मिलने की संभावना है.आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह पॉली हाउस किसान की आय बढ़ाने के साथ-साथ जिले में हाईटेक खेती का नया उदाहरण प्रस्तुत करेगा. यह पहल साबित करती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर तकनीक आधारित व्यावसायिक कृषि को अपनाकर नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं.

उद्यानिकी विभाग की उप संचालक रीता उईके ने पॉली हाउस का निरीक्षण किया और किसान को गुलाब एवं जरबेरा की वैज्ञानिक खेती, फसल प्रबंधन तथा बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया. उन्होंने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. ग्राम चौकीगंवा की यह परियोजना न केवल मनीष लोवंशी की आर्थिक समृद्धि का माध्यम बनेगी, बल्कि पूरे नर्मदापुरम जिले में आधुनिक बागवानी और पुष्प उत्पादन को नई दिशा देगी. यह क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और उन्हें तकनीक आधारित कृषि अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी.

एसडीएम आखिब खान ने किया उमरधा-समनापुर का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सुचारू रूप से मूंग खरीदी करने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 9 जुलाई. एसडीएम पिपरिया आखिब खान ने तहसील बनखेड़ी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उमरधा एवं समनापुर का क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करते हुए समितियों को सुचारू रूप से मूंग खरीदी करने के निर्देश दिए तथा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया.

समनापुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के अनुपस्थित पाए जाने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधितों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए.ग्राम पंचायत उमरधा में आयोजित ग्राम सभा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को नरवाई (फसल अवशेष) के उचित प्रबंधन के संबंध में समझाइश दी। साथ ही गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ग्रामीणों से प्राप्त की. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरधा के निरीक्षण में डॉक्टर को नियमित रूप से उपस्थित रहने एवं मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए.

इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्र तलैया टोला, उमरधा में पहुंचकर एसडीएम ने बच्चों के साथ संवाद किया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए.इस दौरान तहसीलदार अंजू लोधी, कृषि एसडीओ रूपल राजपूत, बीईओ हिमांशु बड़कुर सहित बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.